**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**29.06.2025/प्रादेशिक समाचार/1800बजे**

**पीएम–मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि स्वास्थ्य से लेकर सामाजिक सुरक्षा तक देश सभी क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ रहा है। आकाशवाणी से आज मन की बात कार्यक्रम में नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आज देश की जनता किसी न किसी प्रकार की सामाजिक सुरक्षा का लाभ ले रही है। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की रिपोर्ट का उल्लेष्ख किया जिसमें कहा गया है कि देश की 64 प्रतिशत से ज्यादा आबादी को कोई न कोई सामाजिक सुरक्षा मिल रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश की लगभग 95 करोड़ जनता सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ उठा रही है और इस प्रकार भारत सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने वाले दुनिया के सबसे बड़े देशों में शामिल है।

आपातकाल का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जन–भागीदारी से बड़े से बड़े संकटों का मुकाबला किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह भारत की जनता का सामर्थ्य है कि वह झुकी नहीं, टूटी नहीं और लोकतंत्र के साथ कोई समझौता नहीं किया।

**मैराथन**

प्रदेश पुलिस ने आज शिमला में 12वीं हॉफ मैराथन का आयोजन किया। भारी वर्षा के बावजूद बड़ी संख्या में लोगों ने दौड़ में भाग लिया और समाज को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने मैराथन को हरी झण्डी दिखाई और लोगों को नशे के खिलाफ शपथ दिलाई। हाफ मैराथन का आयोजन चार वर्गों में किया गया। इसमें हाफ मैराथन दौड़ साढ़े 21 किलोमीटर, मिनी मैराथन 10 किलोमीटर, ड्रीम मैराथन 3 किलोमीटर और दिव्यांगों के लिए भी दौड़ का आयोजन किया गया। राज्यपाल ने कहा कि लोगों के उत्साह को देखकर लगता है कि हिमाचल से जल्द ही नशे का पूरी तरह खात्मा होगा।

***युवा, बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे ये तो ठीक है। दिब्यांग भी आकर के आज इस कार्यकम में अपने को सम्मिलत किये हैं। प्रकृति अपना काम कर रही है और हिमाचल के लोग पुलिस के साथ नशा मुक्त करने के लिए यह दौड लगा रहे हैं। हॉफ मैराथन का जो है, मुझे यह लगता है कि ये उत्साह हिमाचल प्रदेश से नशा को पूरी तौर पर खत्म करेगा और इसके लिए मै हिमाचल वासियों को पुलिस के लोगों को, प्रशासन को, अपना साधुवाद देता हूं, और मै यह जानता हूं कि ये उत्साह समय ले सकता है लेकिन हिमाचल नशा मुक्त करके ही रहेगा। प्रकृति अपना काम कर रही है और हिमाचल के लोग पुलिस के साथ नशा मुक्त करने के लिए यह दौड लगा रहे हैं।***

बाद में, मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने विजेताओं को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार नशे के विरूद्ध जल्द ही एक अभियान शुरू करेगी।

**मौसम**

प्रदेश में मॉनसून पूरी तरह सक्रिय है और राजधानी शिमला सहित अधिकांश क्षेत्रों में पिछले 24 घंटों से भारी वर्षा हो रही है। इस वर्षा से अनेक स्थानों पर भूस्खलन, पेड़ गिरने और सड़कें अवरूद्ध होने की घटनाएं हुई हैं। राजधानी शिमला में चमियाना अस्पताल को जाने वाली सड़क मलबा गिरने से बंद हो गई है जबकि भट्टाकूफर में भी गाड़ियों पर पत्थर गिरे हैं। मैहली–जुन्गा सड़क पर दो गाड़ियों पर पेड़ गिरा है। सोलन ज़िले में शिमला–चड़ीगढ़ राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर चक्की मोड़ के पास मलबा गिरने से लगभग दो घंटे वाहनों की आवाजाही बंद रही। विश्व धरोहर कालका–शिमला रेलवे लाइन पर कोटी के समीप भारी मलबा गिरने से रेल यातायात बाधित हुआ है। भारी वर्षा से सभी प्रमुख नदी–नालों के जलस्तर में वृद्धि दर्ज की गई है। मण्डी ज़िले में बीती रात ज्यूनी खड्ड और ब्यास नदी का जलस्तर अचानक तेज़ी से बढ़ गया। आज सुबह पंडोह बांध के सभी 5 गेट खोल दिए गए जिसके चलते ब्यास नदी में पानी का बहाव तेज़ हो गया है। बी.बी.एम.बी. के अधिकारियों ने बताया कि लारजी बांध में प्री–मॉनसून फ्लशिंग की जा रही है। ब्यास नदी में लगभग 44 हज़ार क्यूसिक पानी का बहाव आ रहा है जिसे पंडोह बांध के ज़रिए बराबर मात्रा में आगे छोड़ा जा रहा है। डैहर पावर हाउस में विद्युत उत्पादन अस्थाई रूप से रोक दिया गया है।

इस बीच, प्रदेश में भारी वर्षा के कारण हुए भूस्खलन से 38 सड़कें यातायात के लिए बंद हैं। वर्षा और बादल फटने से जुड़ी घटनाओं में अब तक 17 लोगों की मौत हुई है जबकि 3 सौ करोड़ रूपए से अधिक की संपत्ति को नुकसान पहुंचा है। मौसम विभाग ने आज और कल ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा, सोलन, सिरमौर और शिमला ज़िले के लिए भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

**समाप्त**